# मानसून: यानी रंग, फैशन और मस्ती

अगले हफ्ते से कॉलेज खुलने वाले हैं। मानसून भी आ चुका है और बादल अपनी मस्ती में हैं। कभी भी बारिश शुरू हो जाती है और देखते ही देखते धूप निकल आती है। इस मौसम में अपने वॉर्डरोब को बदलने की जरूरत है। क्या है फैशन में इन और कौन से रंग फबेंगे आप पर, बता रही हैं आरती मिश्रा

हंसराज कॉलेज में दाखिला लेने वाली शुभा बताती है कि उसने अगले हफ्ते से कॉलेज जाने की पूरी तैयारी कर ली है। उसने सोचा है कि वो लंबे कुर्ते के साथ लेगिंग पहनेगी, साथ ही रेनफ्रूफ सेंडल्स। हल्का-सा काजल और रंगीन छतरी। हो गई कॉलेज जाने की तैयारी। पर उसे अभी ये समझ नहीं आ रहा कि इस मौसम में वो और क्या-क्या पहन सकती है, जिससे स्टाइलिश तो लगे ही, साथ ही बारिश भी ज्यादा परेशान न करे।

दरअसल मानसून के इस मौसम में पता ही नहीं चलता कि कब बारिश होगी। ऐसे में कई बार ड्रेस खराब हो जाती है तो कभी पूरे दिन गीले-चिपके कपड़ों में बिताना पड़ता है। इसलिए विशेषज्ञ सुझाते हैं कि इस मौसम में कुछ ऐसा पहनें, जिससे कंफर्टेबल तो महसूस करें ही, साथ ही फैशनेबल भी दिखें।

ऐसा हो आपका लुक

ये मौसम है कैजुअल लुक का, इसलिए आप अपनी डेनिम जींस अंदर रख दीजिए और बाहर निकालिए शार्ट स्कर्ट्स, कॉटन पैंट, कलरफुल कुर्तियां और कैप्री।

लाइक्रा या पॉलिस्टर जैसे लाइट फेब्रिक ही पहनिए, क्योंकि ये फेब्रिक रिंकल फ्री होते हैं और इन्हें आसानी से धोकर सुखाया जा सकता है।

पोलीनायलॉन, रेयॉन, नायलॉन, मिक्स्ड कॉटन पहनें।

कैप्री, शार्ट्स, शार्ट स्कर्ट, धोती पैंट, हैरम्स, पैडल पुशर्स, पलाजू पहन सकते हैं। पर ये सभी शार्ट हों तो बेहतर रहेगा। सूती कॉटन पैंट लांग भी चलेगी।

सफेद रंग के टॉप्स मत पहनिए।

वॉटरफ्रूफ बैग्स लेकर निकलिए। इसमें आपका आईफोन, मेकअप का सामान, किताबें आदि गीले नहीं होंगे।

अगर छाता लेना ही है तो कलरफुल लीजिए। ऐसा जो आपके स्टाइल को सूट करे। आजकल जो पिंट्र इन हैं, उनमें फ्लोरल, पोल्का डॉट, प्लेन ब्राइट, रेट्रो ब्लैक मुख्य हैं। ट्रांसपेरेंट रेनकोट और विंडचीटर्स भी ले सकते हैं।

इस मौसम में फुल लेंथ ड्रेस आपको मुश्किल में डाल सकती है। सड़कों पर जमा पानी और कीचड़ ड्रेस को खराब कर देता है, इसलिए तमाम फैशन डिजाइनर्स आपको सुझाव दे रहे हैं कि इस मौसम में घुटने तक लेंथ की पैंट या कैप्री, लैगिंग्स को टॉप के साथ पहनिए। जींस, शिफॉन, क्रेप, डेनिम मत पहनिए। ऐसे फेब्रिक का चुनाव करिए जो जल्दी सूख जाते हैं, जैसे नायलॉन, सूती, लाइक्रा और अन्य मिक्स फेब्रिक्स।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

घुटने तक की स्कर्ट इस मौसम में सबसे अच्छी लगती है।

अगर आप भारतीय पारंपरिक परिधानों को ही पसंद करते हैं तो इस मौसम में सलवार और पटियाला से दूर रहें। इसकी जगह पर छोटी कुर्ती पहनें और उसके साथ लेगिंग या चूड़ीदार पहन सकती हैं। लंबे दुपट्टे की जगह स्कार्फ लें, ये आजकल फैशन में इन भी है। ऐसा स्कार्फ लें, जिसमें मेटल लूप्स हों या स्टोन का काम। ये अच्छा लुक देते हैं।

पेंसिल स्कर्ट और इस तरह की ड्रेस आप ट्राई कर सकती हैं।

लड़कों के पास इस मौसम में काफी कम विकल्प होते हैं, लेकिन आप रिंकल फ्री शर्ट पहनें, जिसमें शॉर्ट स्लीव्स हों। लिनेन, वूल और अन्य हेवी फेब्रिक मत पहनिए। इस मौसम के लिए सबसे बेहतर है टेरीवूल। यह फेब्रिक काफी हल्का होता है, इसलिए इसे मानसून के लिए फिट माना जाता है। इस मौसम में आप फॉर्मल जैकेट भी पहन सकते हैं। रबड़ सोल के शूज काफी बेहतर लगते हैं।

रंगों से खेलिए

इस मौसम में इन कलर्स हैं लाल, गुलाबी, संतरी और नीला। इस ग्रे वेदर में ये रंग आप पर काफी फबेंगे। दिल्ली के बाजारों में इस समय रंगीन, प्रिंट वाले रेनकोट और छाते भरे पड़े हैं, इसलिए आपको यह खुद तय करना होगा कि किस तरह का रेनकोट आपको सूट करेगा। पीला, हरा और इसी तरह के अन्य ब्राइट कलर्स फैशन में हैं। हल्के रंग जैसे ग्रे, हल्का गुलाबी, सफेद मत पहनिए। ब्लैक तो हमेशा ही इन रहता है।

जूते भी झटक दें पानी

यह याद रखिए कि इस मौसम में लेदर शूज की बजाय आप फ्लैट जूते पहनें। फ्लोटर, क्रोक्स और जेली शूज भी पहन सकते हैं। आजकल बाजारों में प्लास्टिक के फ्लिप-फ्लॉप भी आ रहे है, जो फैशन में हैं। आप इन्हें भी आजमा सकते हैं। जो भी लें, फुटवियर ऐसे होने चाहिए जो नीचे से ग्रिप वाले हों और जिन्हें पहन कर आप फिसलें नहीं। फुटवियर के लिए इस मौसम में हरा, लाल, येलो कलर इन है। ब्लैक भी ले सकते हैं। कॉटन शूज लीजिए या फिर क्रॉक्स भी ले सकते हैं।

बाहर निकलें तो ये कर लें


इस मौसम में काफी नमी होती है, जिससे आपके गैजेट्स खराब हो सकते हैं, इसलिए इन्हें हमेशा वॉटरफ्रूफ कवर्स में रखें।

बालों के लिए एक अच्छी-सी पोनीटेल सूट करेगी। बालों को खुला मत छोडिए।

लेदर या कपड़े के बैग मत लीजिए। ये गीले होकर खराब हो जाते हैं। बैग में रखे जरूरी सामानों को वॉटरफ्रूफ बैग में रखिए।

# सजना है मुझे सजना के लिए

इंडियन ब्राइडल फैशन वीक का आगाज कोतूर के जाने-माने फैशन डिजाइनर जेजे वलाया के संग्रह से होगा। 23 जुलाई मंगलवार शाम आठ बजे होने वाले इस फैशन शो में वलाया अपने चिर-परिचित अंदाज में राजसी शान और आन-बान वाले परिधान पेश करेंगे। इस आयोजन में तमाम फैशन डिजाइनर दूल्हा-दुल्हन परिधानों के साथ-साथ सगाई और संगीत सेरेमनी सहित शादी-ब्याह से जुड़े तमाम आयोजनों में पहने जाने वाले परिधान रैम्प पर पेश करेंगे। विशाल ठाकुर की रिपोर्ट।



शादी-ब्याह का सीजन अपने चरम पर है, जिसे देखते हुए राजधानी में एक के बाद एक बड़े फैशन आयोजन होने जा रहे हैं। इन तमाम आयोजनों में सबसे पहले नंबर आता है इंडियन ब्राइडल फैशन वीक का, जिसका आगाज अगले सप्ताह 23 जुलाई से हो रहा है। होटल दि ग्रैंड में छह दिन तक चलने वाले इस फैशन वीक में देश के जाने-माने फैशन डिजाइनर भाग ले रहे हैं।

एम्बी वैली इंडियन ब्राइडल फैशन वीक का आयोजन फैशन वन इंटरनेशनल करा रहा है, जो इससे पहले इस ईवेन्ट को पिछले तीन सालों से एम्बी वैली में आयोजित कराता रहा है। फैशन कैपिटल होने के नाते इस बार इसने दिल्ली का रुख किया है। लंबे समय बाद राजधानी में कोई ऐसा फैशन वीक हो रहा है, जिसमें फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) की भागीदारी सीधे रूप से नहीं है। गौरतलब है कि इससे पहले केवल 26 में दिल्ली फैशन वीक के नाम से एक फैशन मेले का आयोजन वसंत कुंज स्थित एम्पोरियो मॉल में किया गया था, जो एफडीसीआई से अलग हुए फैशन डिजाइनरों के अलगाव का नतीजा था।

एम्बी वैली इंडियन ब्राइडल फैशन वीक के बारे में फैशन वन के एमडी विजय सिंह कहते हैं, 'पिछले तीन सालों से मुंबई में होने वाले इस आयोजन को लोग अब अच्छी तरह से जान चुके हैं, इसलिए हमने दायरा बढ़ाया और दिल्ली तक ले आये। अब दिल्ली आये हैं तो इसमें कुछ नई बातें भी शामिल की जा रही हैं। इस आयोजन में पहली बार ब्राइडल लग्जरी कोतूर को भी पेश किया जाएगा।'

इंडियन ब्राइडल फैशन वीक में शिरकत करने वाले दिग्गज फैशन डिजाइनरों में फैशन डिजाइनर आशिमा-लीना सिंह, रीना ढाका, रोहित बल, राघवेन्द्र राठौड़, मीरा मुजफ्फर अली, सुनित वर्मा और तरुण तहिलियानी सरीखे फैशन डिजाइनरों के नाम हैं। इसके अलावा फैशन डिजाइनर फाल्गुनी शेन, शांतनु-निखिल, आदर्श गिल आदि हैं। इंडियन ब्राइडल फैशन वीक का समापन तरुण तहिलियानी के ग्रैंड शो से होगा।

इसके अलावा इन दिनों राजधानी के होटल अशोक में 'वेडिंग एशिया- दिल्ली एडिशन 213' प्रदर्शनी भी चल रही है, जिसमें राजधानी के नए-पुराने फैशन डिजाइनरों के अलावा फैशन बुटीक्स और फैशन ज्वैलर्स भी भाग ले रहे हैं। 21 जुलाई तक चलने वाली इस एग्जीबिशन में दूल्हा-दुल्हन के परिधानों के अलावा डायमंड ज्वैलरी, ब्राइडल एक्सेसरीज, ब्राइडल मेकअप, होम डेकोर, वेडिंग प्लानर, वेडिंग फोटोग्राफी आदि की खरीददारी के लिए शिरकत की जा सकती है।

# चमकीला...चटकीला मेकअप

नियोन मेकअप आपको जितना आकर्षक बना सकता है, उतना ही अजीब भी दिखा सकता है। लिहाजा इसे लगाने से पहले कुछ बातों को अपने जेहन में रखना बेहद जरूरी है। नियोन मेकअप करते वक्त किन बातों को ध्यान में रखें, बता रही हैं



शुभा दुबे

चटकीले और भड़कीले नियोन रंग आजकल खासे ट्रेंड में हैं। कपड़ों से लेकर, फुटवियर और एक्सेसरीज तक सब नियोन रंगों में मिल रहा है, तो भला मेकअप को इससे दूर क्यों रखा जाए? सोचने में भले ही थोड़ा अटपटा लगे लेकिन चटकीला गुलाबी,पीला और टैंगरिन रंग इन दिनों मेकअप किट में अपनी एक अलग जगह बना चुके हैं। तो इस बार आप भी कुछ अलग करने की कोशिश करें और थाम लें नियोन मेकअप का हाथ। लेकिन इसके ट्रेंड में होने का मतलब यह नहीं कि हम इसे बिना सोच-समझें इस्तेमाल करें और हंसी का पात्र बनें।

सही रंगों का करें इस्तेमाल: मेकअप चाहे कोई भी हो, लेकिन सबसे जरूरी बात है उसका चुनाव अपनी त्वचा के रंग के अनुसार करना। और अगर बात नियोन मेकअप की हो रही हो तो सतर्क रहना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। अगर आपका रंग साफ है तो आप चटकीले गुलाबी से लेकर टैंगरीन तक किसी भी कलर का आईशैडो, लिप-कलर, लाइनर और नेलपेंट इस्तेमाल कर सकती हैं। लेकिन अगर आपकी त्वचा गेहुंए या और गहरे रंग की है तो टैंगरिन से थोड़म बचें। लेकिन आप नियोन ब्लशर को अपने गालों पर लगाकर अपने पूरे लुक को संवार सकती हैं। इलेक्ट्रिक ब्लू और चटकीला पीला रंग का आईशैडो गेहुंए रंग की त्वचा पर खूब फबता है। अगर आपकी आखें नीले या हरे रंग की है तो टैंगरिन कलर का आईशैडो आपके लिए एकदम सही है। अगर आपकी त्वचा में गोरे होने के साथ हल्का पीलापन है तो बैंगनी और लाल रंग आपके सच्चे साथी साबित होंगे। नियोन मेकअप की खासियत है कि वो हर तरह की त्वचा के साथ अच्छे से जाता है।